卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 54 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦1 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in







# चौकी में व्यापारियों से अभद्रता पर फूटा गुस्सा

## दरोगा पर गाली गलौच का आरोप, सीओ कार्यालय में धरने पर बैठे व्यापारी

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। शिकायत लेकर चौकी पहुंचे व्यापारियों ने दरोगा पर अभद्रता और गाली गलौच करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर व्यापारियों ने सीओ कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। व्यापारियों ने सीओ का घेराव भी किया और अभद्रता करने वाले दरोगा से माफी मांगने की जिद पर अड़ गये। सीओ ने दरोगा को मौके पर बुलाया लेकिन वह माफी मांगने को तैयार नहीं हुआ जिस पर व्यापारी धरने पर बैठ गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनी चावला की



मेन बाजार में गुरूद्वारा के पास इलेक्ट्रिक प्लाजा के नाम से मोबाइल शॉप है। सोनी चावला ने के मुताबिक चार पांच दिन पूर्व उनके पास तीन चार युवक मोबाइल खरीदने आये थे उन्होंने 22 हजार कीमत का विवो फोन खरीदा और मोबाइल लेकर चले गये। अगले दिन उक्त लोग पुन: दुकान पर आये और मोबाइल की बैट्री में शिकायत बताकर मोबाइल वापस रिप्लेस करने (शेष पृष्ठ 7 पर)

# पचास हजार का ईनामी शातिर हत्यारा गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसटीएफ ने पिछले पांच वर्षों से फरार चल रहे 50 हजार के ईनामी शातिर हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया। नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने पदभार ग्रहण करते ही अधिनस्थों को शातिर ईनामी अपराधियों, गैंगस्टरो, नशा तस्करो पर प्रभावी एवं कड़ी कार्यवाही किये जाने हेतु दिशा निर्देश जारी किये है। जिसके तहत उत्तराखंड एसटीएफ द्वारा एक और बड़ी कामयाबी हासिल की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने मामले की जानकारी देते हुये बताया कि एक व्यक्ति की हत्या के प्रकरण में कुख्यात अपराधी वीर सिंह सैनी उर्फ भगत पुत्र स्व. रामस्वरुप उर्फ रामा निवासी लेबर कालोनी सैक्टर–2 बीएचईएल रानीपुर हरिद्वार की धरपकड़ हेतु एसटीएफ (शेष पृष्ठ सात पर)



# डिवाइडर से टकराई बाइक,युवक की मौत

## पुलभट्टा में फ्लाईओवर के पास हुआ सड़क हादसा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलभट्टा के पास अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गयी। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रूद्रपुर भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक बखपुर भगवानपुर किच्छा निवासी 26 वर्षीय छिन्दर सिंह पुत्र कहर सिंह बीती रात बाइक पर सवार होकर जा रहा था। रात दस बजे पुलभट्टा फ्लाईओवर के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से (शेष पृष्ठ सात पर)



## सड़क किनारे शव मिलने से सनसनी

रूद्रपुर। इंदिरा चौक के पास सड़क किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक नशे का आदी था। प्राप्त जानकारी के अनुसार भूतबंगला निवासी 30 वर्षीय सलमान पुत्र चन्दा पूर्व पेशे से ड्राईवर था। बीते चार पांच वर्षों से वह नशे का आदी हो चुका था अकसर वह नशे में इधर उधर घूमता रहता था। आज सुबह वह टेलीफोन एक्सचेंज के पास सड़क किनारे पड़ा था। पास में ही फड़ लगाने वाला नसीम जब सुबह दुकान खोलने के लिए आया तो उसने सलमान के परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची तो सलमान मृत अवस्था में पाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# ब्यूटी पार्लर में हुई चोरी का खुलासा

## नगदी जेवर सहित शातिर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद सवांददाता)। तीन दिन पूर्व श्याम टाकीज रोड़ पर एक ब्यूटी पार्लर की दुकान के ताले तोड़कर हजारों की नगदी व जेवरात चोरी कर लिए जाने की घटना का पुलिस ने खुलासा कर एक शातिर चोर को हजारों की नगदी तथा जेवरात सहित गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि चोर ने तीन दुकानों के ताले तोड़े थे। एक दुकान से बैट्रा निकाल बाहर छोड़ दिया था। जबकि दूसरी दुकान में गल्ला तोड़ने का प्रयास किया गया। वहीं फुलसुंगी निवासी श्वेता आर्या पुत्री स्व. मोहन राम की सीक्रेट ब्यूटी पार्लर की दुकान का ताला तोड़ वहां से 40 हजार की नगदी, सोने के एक जोड़ी कान के झुमके, एक अंगूठी, एक मोबाईल व अन्य सामान चोरी कर लिया गया था। जिसकी रपट दर्ज कराई गई थी। सीओ अनुषा बडोला ने खुलासा करते बताया कि आवास विकास चौकी प्रभारी नीमा बोहरा के नेतृत्व में पुलिस टीम में तीन दिन में ही चोरी की इस घटना का खुलासा कर सराहनीय कार्य (शेष पृष्ठ सात पर)




# 'नगर निगम' में कल से 'उदय' का 'राज'

## क्या निगम में चल रही भेदभाव की गाड़ी को सही रास्ता दिखा पाएंगे उदय राज?, क्या निगम के विकास बजट का अब हो सकेगा न्याय पूर्ण वितरण? बुनियादी सुविधाओं से वंचित आमजन की अब जिलाधिकारी पर टिकी निगाहें

■ अर्श

रूद्रपुर। नगर निगम रूद्रपुर के मेयर रामपाल सिंह के कार्यकाल का आज आखिरी दिन है। आज के बाद से वे निवर्तमान मेयर कहलाएंगे। जैसी की नियमगत बाध्यता है, कि नगर निकाय के निर्वाचित मुखिया एवं सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने के पूर्व या तो निकाय का प्रभार नवनिर्वाचित निकाय परिषद को सौंप जाता है या फिर कतिपय वजहों के चलते चुनाव ना कराए जाने की स्थिति में सरकार द्वारा नगर निकाय के लिए एक प्रशासक की नियुक्ति कर दी जाती है।उत्तराखंड में लागू उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की इसी नियमगत बाध्यता के अनुपालन में उत्तराखंड शासन के शहरी विकास अनुभाग द्वारा जारी अधिसूचना के माध्यम से सूबे के उन सभी नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के लिए जिनका कार्यकाल आज समाप्त हो रहा है, का प्रशासक संबंधित जिला अधिकारी को बनाए जाने संबंधी प्रावधान कर दिए हैं।उपरोक्त आदेश के प्रभावी होने के बाद अब उधम सिंह नगर के जिलाधिकारी उदय राज सिंह नगर निगम रूद्रपुर के नए प्रशासक होंगे, अर्थात कल यानी 2 दिसंबर से नगर निगम रुद्रपुर में अब उदय का राज होगा। उधम सिंह नगर के जिला अधिकारी उदय राज सिंह ने वैसे तो आरंभ से ही अपनी संवेदनशील कार्यशैली के चलते नगर निवासियों के दिलों में एक विशेष स्थान बनाना आरंभ कर दिया था, लेकिन कालांतर में उन्होंने जिस प्रकार जन समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित कार्यवाही करने एवं ज्वलंत समस्याओं के निदान के लिए स्वयं मौके पर उपस्थित होकर फैसला 'ऑन स्पॉट' करने की परिपाटी कायम की और रुद्रपुर में नजूल भूमि पर वर्षों से बसे गरीबों को पट्टे दिलाने के लिए गली गली कैंप लगवाए तथा उन कैंपों में स्वयं उपस्थित होकर पूरी कार्यवाही की मॉनिटरिंग भी की, उससे वे आमजन से सीधा संवाद कायम करते चले गए। कदाचित यही कारण है शहर का हर मजलूम एवं वंचित अब अपनी हर छोटी– बड़ी समस्या के निदान के लिए उन्हीं की ओर टकटकी लगाए रहता है। जाहिर है कि नगर निगम रूद्रपुर का प्रभार उनके हाथ में आ जाने के बाद शहर वासियों की यह अपेक्षा अब और अधिक बलवती हो जाएगी कि जिलाधिकारी नगर निगम रुद्रपुर में चौतरफा पसरी तमाम तरह की विसंगतियों, मसलन राजनीतिक भेदभाव के आधार पर वार्डों में (शेष पृष्ठ सात पर)





# ईजा बैंणी महोत्सव में छाये पहाड़ी उत्पादों के स्टॉल

## स्थानीय उत्पादों व हस्तकला को बड़ा बाजार उपलब्ध करने के लिए जल्द उठाएंगे जरूरी कदम : सीएम







हल्द्वानी।हल्द्वानी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का मातृशक्ति के साथ आयोजित रोड शो का कार्यक्रम पूर्व निधरित कार्यक्रम का हिस्सा था। जिसमें करीब 40 स्वयं सहायता समूहों द्वारा पहाड़ी उत्पादों का स्टॉल लगाया गया। इस महोत्सव में मुख्यमंत्री ने 713 करोड़ की 66 योजनाओं का लोकार्पण तथा 193 योजनाओं का शिलान्यास किया। हल्द्वानी स्थित एमबी इंटर कालेज में गुरुवार को ईजा– बैंणी महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नैनीताल समेत अन्य जिलों से करीब 40 स्वयं सहायता समूहों ने पहाड़ी उत्पादों के स्टाल लगाए। महोत्सव में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धमी ने नैनीताल जिले के लिए 713 करोड़ की 66 योजनाओं का लोकार्पण और 193 योजनाओं का शिलान्यास किया। ईजा बैंणी महोत्सव को लेकर आर्मी गेट से लेकर एमबीइंटर कॉलेज चौराहे तक पारंपरिक लोक वाद्य यंत्र छोलिया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। बता दें कि कुछ समय पूर्व ही उत्तराखंड का छोलिया गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है। राज्य की समृद्ध लोक सांस्कृतिक विरासत को देखकर आगंतुक भी झूम उठे। तिकोनिया चौराहे से दुर्ग सिटी सेंटर चौराहे तक दोनों तरफ हजारों की संख्या में लोगों ने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया इस दौरान स्कूली बच्चे वह महिलाओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। महोत्सव में पहुंचे सीएम धामी का महिलाओं ने दुर्गा सिटी सेंटर में फूल मालाओं के साथ कलश यात्रा कर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद कार्यक्रम स्थल में पहुंचे सीएम धामी ने सर्वप्रथम 713 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पणों शिलान्यास किया हुआ प्रदेश के अन्य जनपदों के विकास योजनाओं का भी शिलान्यास व लोकार्पण वर्चुअल माध्यम से किया। इसके बाद कार्यक्रम स्थल में महिला समूहों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण कर महिला समूहों का उत्साहवर्धन किया। जहां महिलाएं सीएम धामी का स्वागत कर रहीं थी। वहीं सीएम धामी ने भी महोत्सव में पहुंची महिलाओं का पुष्प वर्षा कर आभार व्यक्त किया। सीएम धामी ने कन्या पूजन और दीप प्रज्जवलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महोत्सव में पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य के विकास के लिए महिलाओं को योगदान बहुत जरुरी है। कहा कि मातृ शक्ति के सहयोग से राष्ट्र का संपूर्ण विकास होगा। इस दौरान उन्होंने व्यवसाय के क्षेत्र में स्टार्ट अप कर रही महिलाओं से बात कर महिला समूहों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उत्कृष्ट महिला उद्यमी महिलाओं को सम्मानित किया। जिसमें लीला मटियाली, कमला नेगी, कृति, मिनाक्षी खाती, श्रद्धा कांडपाल, हेमा परगांई, कमला नेगी, पूजा रावत, कमला अरोड़ा, गुंजन, निर्मला देवी, कोमल अधिकारी, मनोरमा, खष्टी राघव को सम्मानित किया।

## नंदा गौरा योजना की तिथि बढ़ाने की घोषणा

हल्द्वानी। महोत्सव में पहुंची महिला सशक्तिकरण एवम् बाल विकास मंत्री और नैनीताल प्रभारी रेखा आर्या ने महिला समूहों और महिला हित के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाएं छोटे छोटे उद्योग और पहाड़ी उत्पादों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही है। जो कि राज्य के लिए गर्व की बात ही। उन्होंने कहा कि नंदा गौरा योजना की आवेदन तिथि 20 दिसंबर बढ़ा दी गई। इच्छुक प्रतिभागी 20 दिसंबर तक आवेदन कर सकती



हैं। जिलाधिकारी वंदना चौहान ने मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा आज के समय में महिलाओं को उद्योग से जुड़ने के लिए संसाधन बहुत हैं। साथ ही सरकार भी महिलाओं को सशक्त बनाने के हर संभव कार्य कर रही है। समाज में कन्या भ्रूण हत्या जैसी बुराईयों और कुरुतियों को हटाने के लिए हम सबको आगे आना होना। कार्यक्रम में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी वंदना चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मेयर डा. जोगेंद्र पाल रौतेला, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, मंडी अध्यक्ष डां अनिल कपूर, भीमताल विधायक राम सिंह कैंड़ा, नैनीताल विधायक सरिता आर्य, लालकुआं डॉक्टर मोहन सिंह बिष्ट, रामनगर दीवान सिंह बिष्ट, एडीएम शिव चरण द्विवेदी, महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका जीना, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट, सुरेश भट्ट आदि महिलायें मौजूद रही।



## मुख्यमंत्री ने की कई विकास कार्यों की घोषणाएं

हल्द्वानी। ईजा बैंणी महोत्सव में पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिले के लिए कई महत्त्वपूर्ण घोषणाएं की। जिसमें मुख्य रूप से जम्मू कश्मीर राजौरी में शहीद संजय बिष्ट की याद में रातीघाट स्थित इंटर कालेज को शहीद संजय बिष्ट इंटर कालेज के साथ हली मोटर मार्ग को शहीद संजय बिष्ट के नाम से जानने की घोषणा की। साथ ही राजकीय इंटर कालेज कालाढूंगी में सड़क का विस्तार, हल्द्वानी गौवंश संरक्षण के लिए जल्द ही गौशाला निर्माण, शीशमहल स्थित फिल्टर प्लांट का क्षमता विकास, रानीबाग पुल का निर्माण करने की बात कही। नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम एवं एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड (एनवीवीएन) के मध्य एमओयू किया गया। अनुमानित परियोजना लागत ध्230 ब्त है जिसे एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड एनवीवीएन), एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा ही वहन किया जाना है। यह उत्तराखंड की प्रथम सुविध । है जो नगरीय ठोस अपशिष्ट को हरित चारकोल में बदलेगी। गौला रौखड़ (गौला बायपास रोड), हल्दवानी में प्लांट प्रस्तवित है। भारत सरकार के द्वारा अत्मनिर्भर भारत अभियान का समर्थन करने के लिए हल्द्वानी में एक वेस्ट टू चारकोलष सुविधा स्थापित की जाएगी। जिसमें नगर निगम द्वारा एकत्रित किया गया 500 टन प्रति दिन (टीपीडी) नगरीय ठोस अपशिष्ट (एम.एस.डब्ल्यू. ) को चारकोल में प्रसंस्कृत किया जायेगा। यह सुविधा पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक पर आधारित होगी और भारत सरकार के अत्मनिर्भर भारत अभियान का समर्थन करेगी। यह परियोजना हल्द्वानी के लिए महत्वपूर्ण अप्रत्यक्ष लाभ प्रदान करेगी, जो कूड़े से मुक्त शहरों के रूप में होगा, जो भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा। इस परियोजना से कार्बन उत्सर्जन में 1.5 लाख टन कार्बन डाई ऑक्साइड में कमी की उम्मीद है।

## मुख्यमंत्री ने श्री अन्न से बने व्यंजनों का लिया स्वाद,कुम्हार के साथ बनाया घड़ा

हल्द्वानी। पहाड़ का मोटा अनाज यानी श्री अन्न द्वारा निर्मित स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टालों से प्रदर्शन किया गया। महोत्सव में पहुंचे लोगों ने झंगोरे की खीर, मंडवे की पूरी, पिंडालु, दाल के पकोड़े, गहथ के दुबके आदि का स्वाद लिया। राज्य के उत्पाद अपने स्वाद के साथ ही पौष्टिकता से भरपूर है। जहां कंडाली का सेवन एनीमिया में फलदायक है वही मंडवे में दूध से अधिक कैल्शियम पाया जाता है। महोत्सव में लाइव कला का प्रदर्शन कर रहे कुम्हार के साथ घड़ा बनाने में हाथ बढ़ाकर सीएम ने कारीगरों का मनोबल और मान बढ़ाया वहीं लोकल फॉर वोकल उत्पादों का प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने कहा कि लोकल उत्पाद पहाड़ की पहचान के साथ ही राज्य की आर्थिकी में भी सहायक है। विदेशों में उत्तराखंड के हथकरघा और हस्तकला की मांग बढ़ती जा रही है। हमें राज्य की कलाओं को संरक्षण और संवर्धन के साथ ही बेहतर ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर भी कार्य रहे है जिससे कलाकारों को उनके उत्पादों की विदेशों के साथ ही देश में भी उचित दाम मिल सके। महोत्सव में लगभग 40 स्टालों की प्रदर्शनी लगाई गई और उनकी अच्छी खासी बिक्री भी हुई।

# दुनिया के लिए एक मिसाल बनी रेस्क्यू ऑपरेशन की कामयाबी : राज्यपाल

## राज्यपाल ने एम्स पहुंचकर जाना रेस्क्यू किये गये श्रमिकों का हाल

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को एम्स ऋषिकेश पहुंचकर सिलक्यारा सुरंग से रेस्क्यू किए गए श्रमिकों का हालचाल जाना। राज्यपाल ने प्रत्येक श्रमिक से उनकी कुशलक्षेम पूछी और उनके साहस व हौसलों की सराहना की। उन्होंने कहा की श्रमिकों के साहस, मनोबल और परिजनों के धैर्य के साथ ही रेस्क्यू अभियान में शामिल सभी एजेंसियों व कार्मिकों की अथक मेहनत के बाद यह चुनौतीपूर्ण अभियान सफल हो पाया। उन्होंने डॉक्टरों से श्रमिकों के स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी ली। मीडिया से बात करते हुए राज्यपाल ने कहा सभी श्रमिक सुरक्षित बाहर आ गये हैं और पूरी तरह से स्वस्थ है जो कि खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि सभी श्रमवीर हमारे राष्ट्र रूपी परिवार में एक योद्धा की भांति हैं। 41 श्रमवीरों ने हमें जो सबक दिया है कि किस तरह से मुश्किल घड़ी में अपने आप पर नियंत्रण करना और अपने हौसले बुलंद रखने हैं। उन्होंने कहा कि हमारी मानव संसाधान इतने ऊँचे दर्जे की है, इस संकट और मुश्किल घड़ी में फंसे इन 41 योद्धाओं ने हमें बताया है। उन्होंने कहा कि इन योद्धाओं के लिए जीवन की यह एक महत्वपूर्ण परीक्षा थी, वे न केवल इस परीक्षा में पास हुए हैं बल्कि इस घटनाक्रम ने हमें सिखाया है कि विपरित परिस्थितियों और मुश्किल की घड़ी में किस तरह से एकजुट रहकर कठिनाईयों पर विजय पायी जा सकती है। चुनौतियां आती रहेंगी इस प्रकार की घटनाओं से हमें सबक सीखना है कि किस प्रकार आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि यह पूरी दुनिया के लिए एक सबक भी है कि किस प्रकार कठिन से कठिन आपदा पर एकजुट होकर विजय प्राप्त की जा सकती है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, निगरानी और मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य की विभिन्न एजेंसियों और अधिकारियों के अथक प्रयासों ने बेहद जटिल, चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरे बचाव अभियान को कामयाब बनाने में जो भूमिका निभाई है वह दुनिया के लिए एक मिसाल बन गई है।







रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# मूल्य संवर्धन के साथ बेहतर पैकेजिंग से बढ़ाई जा सकती है आय

## खाद्य सुरक्षा और मानकों की समझ विषय पर आयोजित संगोष्ठी में बोले विशेषज्ञ

पंतनगर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद, हल्दी पंतनगर में आयोजित एक दिवसीय विचार मंथन कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ परिषद के निदेशक डॉ. संजय कुमार, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के सदस्य डॉ. शिव प्रसाद किमोठी, राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल के निदेशक व कुलपति डॉ. धीर सिंह, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति, डॉ. अरुण कुमार, केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मथुरा के निदेशक डॉ. मनीष कुमार चेटली एवं राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, गुरुग्राम के उप प्रबंध निदेशक डॉ. विजय दोहरे ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के सदस्य डॉ. शिव प्रसाद किमोठी ने कहा कि सोचने से विचार आते हैं और एक दृढ़ विचार समाज और विज्ञान के लिए वरदान साबित हो सकती है। उन्होंने उत्तराखंड के परंपरागत फसलों, फूलों और फलों के उत्पादन को बढ़ावा देने में महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। निदेशक डॉ. संजय कुमार ने अच्छी गुणवत्ता की उत्पाद के पैकेजिंग को आय वृद्धि एवं बेहतर बाजार का जरिया बताया तथा कार्यक्रम को स्वयं सहायता समूह, शोधार्थियों के साथ स्टार्टअप से जुड़े लोगों के लिए सुनहरा अवसर बताया। राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल के निदेशक डॉ. धीर सिंह ने शोधार्थियों को किसानों की समस्या का पता लगाकर उस पर शोध कार्य करने के लिए प्रेरित किया। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने जीन एडिटिंग करके प्रोडक्ट उत्पादन के लिए युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि फसल हार्वेस्टिंग की सटीक जानकारी से उत्पादन ज्यादा से ज्यादा जगहों पर सुगमता से पहुँचाया जा सकता है। उन्होंने खाद्य सुरक्षा में पैकिंग एवं ब्रांडिंग को महत्वपूर्ण बताया। डॉ. कुमार ने कहा की मूल्य संवर्धन के साथ बेहतर पैकेजिंग से आय को बढ़ाया जा सकता है। केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मथुरा के निदेशक डॉ. मनीष कुमार चेटली ने पैकेजिंग को मार्केटिंग टूल बताते हुए पैकेजिंग के टेक्नोलॉजी पर कार्य करने की आवश्यकता बतायी। उन्होंने पैकेजिंग के आकार, प्रकार और डिजायन को उत्पाद विक्रय में सहायक बताया उन्होंने बताया कि आज सत्तर फीसदी पैकेजिंग मटेरियल में प्लास्टिक का उपयोग हो रहा है, जो पर्यावरण के साथ जीवधारियों के लिए घातक है, इसलिए बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग को बढ़ावा देना होगा। कार्यक्रम में डॉ. पी. प्रभाकर, पंतनगर विवि एवं डॉ. विजय दोहरे ने भी अपने विचार युवाओं से साझा किया कार्यक्रम का संचालन डॉ. मणिंद्र मोहन ने किया। यहां वैज्ञानिक डॉ. कंचन कार्की, डॉ. मणिंद्र मोहन, डॉ. सुमित पुरोहित, डॉ. एके दीक्षित सहित परिषद सभी कार्मिक उपस्थित रहे।




# होमगार्ड भर्ती में दो छात्राओं ने किया स्थान पक्का

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर में प्रतिभाओं को निखारने का कार्य कर रही हिंद डिफेंस एकेडमी की दो छात्राओं ने भर्ती में अपना स्थान पक्का कर लिया। दोनों को क्षेत्र की जनता ने शुभकामनाएं दी हैं। हिंद डिफेंस एकेडमी के कोच में क्वालीफाई कर अपना स्थान जहां पक्का किया है वहीं निशा और विनीता ने होमगार्ड होमगार्ड में सभी प्रक्रियाएं संपन्न कर अपना चयन सुनिश्चित कर लिया है। उन्होंने बताया कि अकादमी के माध्यम से नगर के दो दर्जन से अधिक बच्चे विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे हैं जो कि अपने लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर हैं। अरमान कोच ने बताया कि इससे पूर्व लगभग आधा दर्जन छात्र-छात्राओं ने अकादमी में रहकर अपने लक्ष्य को प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि



अपने कोशल का परिचय देते हुए जहां फिजिकल निकाल कर कीर्तिमान स्थापित किया है वही होम गार्ड महिला अरमान ने बताया कि आरती सिंह ने लखनऊ में इंडियन आर्मी की भर्ती में 16000 मीटर दौड़ लंबी कूद ऊंची कूद चयनित सभी लोगों को राजीव सक्सेना अजय तिवारी सहित कई लोगों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# शिविर में दी योजनाओं एवं कानूनों की जानकारियां

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जिला नैनीताल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिह नगर के द्वारा ब्लॉक सभागार सिसौना पशु विभाग, स्वास्थ्य विभाग, होम्योपैथिक विभाग, समाज विभाग, उद्यान विभाग, दुग्ध उत्पादन विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, श्रम विभाग इत्यादि के अधि दी गयी। मंच का संचालन सुश्री लुबीना पारूल व रिटेनर निशा राजभर के द्वारा की गयी। मौके पर तहसीलदार सुश्री पूजा शर्मा, बी०डी०ओ० श्री आर्या, प्रधान संघ के अध्यक्ष भास्कर संवल, बाल कल्याण




सितारगंज में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन सचिव सचिन कुमार पाठक की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें कुल 13 विभागों जिसमें बाल विकास परियोजना कारीगण उपस्थित रहे। जिनके द्वारा अपने अपने विभागों की योजनाओं से लोगो को अवगत कराया तथा मौके पर समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया। करीब 42 दिव्यांग की जाँच की गयी एवं उनके सार्टिफिकेट बनाये गये आधारा कार्ड राशन कार्ड इत्यादि बनाये गये। विभागों के साथ विधिक जानकारी हेतु पैनल अधिवक्तागण श्रीमती पूजा शर्मा, रमेश शर्मा, विश्वजीत राय, श्रीमती मनोरमा गुप्ता, रिटेनर अधिवक्ता निशा राजभर, व डिफेन्स काउन्सिल मो० मिराज, व सुश्री लुबीना पारूल के द्वारा विधिक जानकारी समिति से श्री अजय जोशी, एस०आई० सोनिका के द्वारा लोगो को नशे के विरूद्ध जागरूक रहना, रोड दुर्घटना, पोक्सों अधिनियम, न्यायालय में अधिवक्ता दिये जाने की प्रकिया इत्यादि की जानकारी दी गयी। पीएलवी मंजू, मंगेश्वरी देवी, बलजीत कौर, मुकेश व मंगल उपस्थित रहे सभी विभागों एवं उपस्थित जनमानस व अधिकारीगण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा धन्यावाद किया गया। विशेषकर सुनीता कश्यप एनआरएल एम ऑर्गेनाइजर का विशेष रुप से धन्यवाद दिया गया।

# राहुल बने स्वास्थ्य मंत्री के प्रतिनिधि

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।स्वास्थ्य व शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने वरिष्ठ भाजपा नेता राहुल झींगरन को स्वास्थ्य महकमें की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। राहुल झींगरन पार्टी के लिए पिछले काफी समय से कार्य कर रहे थे। स्वास्थ्य महानिदेशक



द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखकर राहुल झींगरन को स्वास्थ्य के क्षेत्र में स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत का हल्द्वानी क्षेत्र का स्वास्थ्य प्रतिनिधि के रूप में नामित किया है। वही स्वास्थ प्रतिनिधि राहुल झींगरन द्वारा बताया गया हल्द्वानी शहर कुमाऊं का मुख्य द्वार है जहां पर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर पहाड़ से व आसपास से लोग परेशान ना हो उनकी मदद करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। राहुल झींगरन को मिली जिम्मेदारी के बाद कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, जोगिंदर रौतेला, जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साकेत अग्रवाल, सचिन शाह, मनीष पाल, विनीत अग्रवाल, यशपाल बिष्ट, जितेंद्र मेहता, निश्चल पांडे सहित कई भाजपा नेताओं ने बधाई दी।

# दीवार पत्रिका ज्ञानवाणी का विमोचन

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। गुरुनानक इण्टर कालेज, में छात्रों द्वारा तैयार दीवार पत्रिका ज्ञानवाणी का विमोचन किया गया। दीवार 12 पत्रिका को नैना वर्मा, दामिनी राणा, उपासना राणा, ज्या वर्मा, रीतु राणा आदि छाजाओं



ने तैयार किया है। पत्रिका में लगभग 35 छात्र / छात्राओं ने अपना आलेख, चित्र आदि प्रस्तुत किया है। विमोचन के पश्चाद प्रधानाचार्य स. तरसेम सिंह, स.सम्पूर्ण सिंह, हरपालसिंह, तजेन्दर सिंह, डॉ. प्रशान्त विश्वास ने छात्रों का उत्साह बर्द्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# ग्रामीणों को दी विभिन्न योजनाओं की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विकासखंड रुद्रपुर की न्याय पंचायत बंदिया के ग्राम जवाहरनगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया संस्थान, सिंचाई विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं लाभ ग्रामीणों को दिया गया।आइईसी प्रचार वाहन की एलईडी



गया। उक्त कार्यक्रम में पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, युवा कल्याण विभाग, ग्राम विकास विभाग, कृषि विभाग, कोऑपरेटिव बैंक, जल के माध्यम से ग्रामीणों को लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम का आरंभ ग्राम प्रधान श्रीमती दीपा कांडपाल की अध्यक्षता में किया गया विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में स्वागत समिति द्वारा सभी लोगों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत श्रीमती प्रेमा पांडे एवं श्रीमती आशा बोरा के द्वारा लोगों को उनके स्वयं सहायता समूह को सरकार द्वारा दी जारी सहायता तथा उनके द्वारा किए जा रहे सफल प्रयासों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेकों गणमानी व्यक्ति तथा विभिन्न सरकारी विभाग के अधिकारी/कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग किया गया। अंत में विकसित भारत निर्माण हेतु श्री भट्ट द्वारा शपथ समारोह का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया गया तथा कृषि में ड्रोन द्वारा नैनो स्प्रे तकनीकी का प्रदर्शन कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# गुरमत समागम में मीना को किया सम्मानित

रूदपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरुनानक देव जी के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर इंडस्ट्रीयल एरिया किच्छा बायपास रोड पर स्थित गुरुद्वारा अमृत सागर डेरा भजनगढ़ साहिब में महान गुरमत समागम एवं सत्संग कीर्तन का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने डेरा भजनगढ़ साहिब में दर्शन कर और लंगर में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इससे पूर्व उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने गुरुद्वारा अमृत सागर डेरा भजनगढ़ साहिब में पहुंचकर सत्संग एवं कीर्तन में प्रतिभाग किया । इस दौरान भाई पवनदीप सिंह जी एवं भाई गुरविंदर सिंह जी द्वारा सत्संग में गुरबाणी और भजन कीर्तन की सुंदर प्रस्तुति की गई। बाद में अटूट लंगर का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया । इस अवसर पर महंत विक्रमजीत सिंह लाल



द्वारा श्रीमती शर्मा को सरोपा भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि हमारा क्षेत्र कौमी एकता का गुलदस्ता है, और यहां सभी धर्म समाज के लोग सभी त्योहारों को मिलजुल कर मानते आए हैं,जिससे हमारी सांप्रदायिक सद्भावना को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा अमृत सागर डेरा भजनगढ़ साहिब में वह हमेशा दर्शनार्थ आती रही हैं, और उनका यहां से विशिष्ट लगाव है स उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को श्री गुरुनानक देव प्रकाश पर्व की बधाई दी।

# प्रदेश में सुदृढ़ कानून व्यवस्था मेरी प्राथमिकता : अभिनव कुमार

## नवनियुक्त डीजीपी अभिनव कुमार ने संभाली उत्तराखंड पुलिस की कमान

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड पुलिस को नया मुखिया मिल गया है। पूर्व डीजीपी अशोक कुमार ने नवनियुक्त डीजीपी अभिनव कुमार को गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में चार्ज सौंपा। अभिनव कुमार 12वें डीजीपी के रूप में तैनात हुए हैं। अशोक कुमार ने पारंपरिक रूप से पुलिस बैटन सौंपकर कहा कि उत्तराखंड पुलिस अब सक्षम हाथों में है। इसी के साथ अशोक कुमार आज पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हो गए हैं। निवर्तमान डीजीपी की विदाई के बाद नवनियुक्त डीजीपी अभिनव कुमार ने मीडिया से बातचीत की और अपनी प्राथमिकताओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पुलिस मुखिया होने के नाते अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। प्रदेश में जघन्य अपराध से भी बड़ी





समस्या ट्रैफिक की है। इसके लिए नए प्लान पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा, प्रदेश में ट्रैफिक, ड्रग्स और साइबर क्राइम बड़ी चुनौतियां हैं लेकिन बेहतर प्लानिंग से इन पर भी पार पाया जाएगा। पुलिस मुख्यालय में निवर्तमान डीजीपी अशोक कुमार ने नवनियुक्त डीजीपी अभिनव कुमार को चार्ज सौंपा। उन्होंने पुलिस बैटन सौंपते हुए कहा कि अब उत्तराखंड पुलिस सक्षम हाथों में पहुंच गई है। इसके बाद डीजीपी अशोक कुमार को सभी अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने फूलमालाएं पहनाकर भावभीनी विदाई दी। फूलों से सजी उनकी गाड़ी को पारंपरिक रूप से ध क्का लगाकर और खींचकर पुलिस मुख्यालय से विदाई की रश्म पूरी की गई। उत्तराखंड के नव नियुक्त कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक आईपीएस अभिनव कुमार ने अपना पदभार ग्रहण किया है। डीजीपी ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत मीडिया को ब्रीफ करते हुए उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं बतायी। हमारा उत्तराखंड पुलिस का ध्येय है मित्रता, सेवा, सुरक्षा। मित्रता केवल सभ्य नागरिकों के लिए है। अपराधियों के लिए हम हमेशा काल बनके रहेंगे। उत्तराखंड शांत प्रदेश है। सुदृढ़ कानून व्यवस्था प्रदेश की पहचान है, इसलिए कानून व्यवस्था के मोर्चे पर कोई रियायत नहीं बरती जाएगी। ट्रेडिशनल पुलिसिंग के सिद्धांतों एवं सिखलाई को बरकरार रखते हुए नई चुनौतियों से डटकर सामना करेंगे। नशामुक्त उत्तराखण्ड मिशन के तहत ड्रग्स के विरूद्ध कार्यवाही को और अधिक प्रभावी करना हमारी प्राथमिकता होगी। प्रदेश के प्राकृतिक रूप व आपदा की दृष्टि से संवदेनशील होने के दृष्टिगत हम अपनी सेवाओं की क्षमता को और अधिक बेहतर बनाएंगे। स्थानीय जनता के साथ ही उत्तराखण्ड आने वाले पर्यटकों एवं तीर्थयात्रियों के साथ मित्रवत व्यवहार करके उनके लिए सुगम व्यवस्था बनाने पर जोर दिया जाएगा। बढ़ते साइबर क्राइम पर रोकथाम लगाएंगे। महिला संबंधी अपराधों के सम्बन्ध में संवेदनशीलता बढ़ायी जाएगी। इसके लिए हर स्तर के अधिकारी/ कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे। पुलिसकर्मियों के कल्याण पर भी जोर रहेगा। उनके हाउसिंग, स्वास्थ्य, बच्चों की शिक्षा सभी मेरी प्राथमिकताएं रहेंगी।

# कृषि मंत्री ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सीआईएफ और सीएलएफ के चेक बांटे

पंतनगर(उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने पंतनगर में ईजा-बैणी महोत्सव के अंतर्गत रिप परियोजना के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सीआईएफ और सीएलएफ के चेक वितरित किया। मंत्री गणेश जोशी ने एनआरएलएम के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भरौनी सितारगंज की दिव्या स्वंय सहायता समूह को 12 लाख, ग्राम पंचायत गोसी कुऑ खटीमा के नारी सशक्तीकरण स्वंय सहायता समूह को 6 लाख, ग्राम पंचायत नन्दपुर गदरपुर दुर्गा स्वंय सहायता समूह को 5 लाख, ग्राम पंचायत जुड़का काशीपुर की पूनम स्वंय सहायता समूह को3 लाख व ग्राम पंचायत कनौरा बाजपुर की गुलाब स्वंय सहायता समूह को 5 लाख का चेक वितरित किया। इसी प्रकार एनआरएलएम सीआईएफ के अन्तर्गत मंत्री ने विकास खण्ड सितारगंज के बढ़ते कदम कलस्टर को15 लाख 75 हजार, रूद्रपुर के आजाद कलस्टर को17 लाख 25 हजार, जसपुर के सहयोग कलस्टर को7 लाख 50 हजार, काशीपुर के भारत महिला कलस्टर को8 लाख 25 हजार व बाजपुर के मधुवन कलस्टर को 18 लाख 75 हजार का चेक वितरित किया।व्यक्तिगत उद्यम के तहत विकास खण्ड जसपुर के तुलसी महिला कलस्टर को1 लाख 35 हजार, हिमान्या महिला कलस्टर को1 लाख 65 हजार, काशीपुर के भारत महिला



कलस्टर को45 हजार, परिर्वतन महिला कलस्टर को52 हजार पांच सौ, रानी महिला कस्टर को97 हजार पांच सौ, बाजपुर के मधुवन कलस्टर को3 लाख 15 हजार, गदरपुर के शाहकार कलस्टर को 22 हजार पांच सौ, उड़ान कलस्टर को 97 हजार पांच सौ, रूद्रपुर के नारी शक्ति कलस्टर को2 लाख 17 हजार पांच सौ, सितारगंज के बढ़ते कदम कलस्टर को1लाख 50 हजार, स्वावलम्बी कलस्टर को 67 हजार पांच सौ, खटीमा के प्रगति महिला कलस्टर को1 लाख 80 हजार व कन्हैया महिला कलस्टर को2 लाख 10 हजार का चेक वितरित किया। नारी शक्ति स्वायत्व सहकारिता समिति बिगवाड़ा रूद्रपुर को8 लाख 5 हजार, प्रतिभा स्वायत्त सहकारिता बण्डिया रूद्रपुर को70 हजार, उड़ान कलस्टर संगठन धनपुर-विजपुर गदरपुर को8 लाख 40 हजार, शाहकार कलस्टर संगठन स्वायत्त सहकारिता समिति आनंदखेड़ा गदरपुर को3 लाख 85 हजार, एकता स्वायत्त सहाकारिता समिति बराखेड़ा गदरपुर को 2 लाख 80 हजार, भारत महिला संकुल स्तरीय संगठन बांसखेड़ाखुर्द काशीपुर को 5 लाख 95 हजार, परिर्वतन महिला संकुल स्तरीय संगठन देवीपुरा काशीपुर को 2 लाख 80 हजार, रानी लक्ष्मीवाई महिला सीएलएफ कुण्डेश्वरी काशीपुर को 2 लाख 8 हजार, स्वावलम्वी कलस्टर संगठन कल्याणपुर सितारगंज को 3 लाख 15 हजार, बढ़ते कदम सीएलएफ टैगोर नगर सितारगंज को 8 लाख 5 हजार, प्रगति महिला कलक्टर खेतलसण्डा खटीमा को 9 लाख 10 हजार, कन्हैया कलस्टर बिगराबाग खटीमा को 1 लाख 40 हजार, मधुवन कलस्टर बरहैनी बाजपुर को 10 लाख 50 हजार, विश्वास कलस्टर सरकण्डा बाजपुर को 1 लाख 75 हजार व उज्वल कलस्टर चकरपुर बाजपुर को 6 लाख 65 हजार का चेक वितरित किया। इस अवसर पर मंत्री ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, उमा जोशी, निशा रावत, उर्मिला देवी बल्ली कौर सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# सीएम धामी ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को सिलक्यारा सुरंग से श्रमिकों को सकुशल बाहर निकाले जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी और अनुभवों को साझा किया। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सिलक्यारा सुरंग से श्रमिकों को सकुशल बाहर निकाले जाने वाले सफल अभियान पर बधाई दी और उनके नेतृत्व में चलाये गए रेस्क्यू अभियान



की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र और राज्य की विभिन्न एजेंसियों और अधिकारियों के अथक प्रयासों ने बेहद चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरे इस अभियान को कामयाब बनाने में जो भूमिका निभाई है वह प्रशंसनीय है। राज्यपाल ने कहा की सुरंग में फंसे रहने के दौरान श्रम वीरों ने जिस धैर्य, साहस और जज्बे का परिचय दिया वह सराहनीय रहा। उनके जोश और जज्बे के कारण यह कठिन अभियान कुशलतापूर्वक संपन्न हो पाया।

# नगर निकायों का कार्यकाल पूरा, अधिसूचना जारी

देहरादून। उत्तराखंड के सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों का कार्यकाल शुक्रवार को पूरा हो रहा है। शनिवार से सभी निकायों में प्रशासक तैनात हो जाएंगे। इसकी अधिसूचना जारी हो गई है। नगर निकायों का पांच वर्ष का कार्यकाल एक दिसंबर को पूरा हो रहा है। प्रमुख सचिव शहरी विकास आरके सुधांशु ने बताया कि नगर निगम रुड़की का चुनाव बाद में हुआ था, वहां केवल मेयर पद का चुनाव होना है। बाकी बोर्ड पूर्व की भांति ही कार्यरत रहेगा। वहीं, नगर पालिका श्रीनगर के उच्चीकरण के बाद नगर निगम बनने के चलते वहां भी प्रशासक नहीं होगा। बाकी देहरादून नगर निगम समेत सभी निगमों, पालिकाओं, नगर पंचायतों में दो दिसंबर से प्रशासक तैनात हो जाएंगे। प्रशासक के तौर पर सभी जिलों के जिलाधिकारियों को तैनात किया गया है। जिलाधिकारी अपने हिसाब से अब निकायों की सभी व्यवस्थाएं देखेंगे। आपको बता दें कि अभी नगर निकाय के चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची तैयार करने का काम किया जा रहा है। एकल सदस्यीय समर्पित आयोग की ओर से ओबीसी का सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। इसके बाद ही निकाय चुनाव हो पाएंगे।

# सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए दिये निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में गड्ढा मुक्त सड़क करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एनएचएआई व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जनपद स्थित सभी सड़को की सूची उपलब्ध करा दे ताकि सड़कों का निरीक्षण किया जा सकें। उन्होने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व ईओ नगर पालिका/नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़कों का स्थलीय निरीक्षण कर दो दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सभी सड़को को गड्ढा मुक्त किया जाना है। इस लिये सभी सड़को को गड्ढा करना सुनिश्चित करें ताकि सड़को में गड्ढो के कारण किसी प्रकार दुर्घटना न हो और आवगमन सुगम हो सकें। उन्होने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि प्राथमिकता के आधार पर दिनेशपुर-मटकोटा मार्ग को पेंचवर्क करते हुये शीघ्र गड्ढामुक्त करना सुनिश्चित करें। इसमे किसी भी प्रकार की लावरवाही न बरते। उन्होने एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिये कि काशीपुर में निर्माण किये जा रहे आरओबी कार्यो में तेजी लाते हुये शीघ्रता से पूर्ण करें। उन्होने कहा कि यदि आरओबी के निर्माण में रेलवे विभाग से कोई बाधा उत्पन्न हो रही हो तो रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र निस्तरण करते हुये कार्य को पूर्ण करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी जफील जमील सहित वर्चुअल के माध्यम से सभी उप जिलाधिकारी, नगर आयुक्त, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी एवं एनएचएआई व लोनिवि के अधिकारी जुड़े थे।




# सेवानिवृत्त होने पर एडीसीओ सती को दी भावभीनी विदाई

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सहकारिता विभाग में एडीसीओ के पद पर कार्यरत हरिश्चंद्र सती ने अधिकमता आयु पूर्ण करने पर विकास भवन में विभाग की ओर से उनको भावभीनी विदाई दी गई। गुरुवार को विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों ने हरिश्चंद्र सती के सेवानिवृत होने पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। इस दौरान जिला सहायक निबंध सहकारी समितियां डॉ बलवंत सिंह मनराल ने कहा कि सती ने अपने कार्यकाल के दौरान पूरी कर्तव्य निष्ठा से और ईमानदारी से विभाग में सराहनीय कार्य किया है जिससे हमें सीख मिलती है। सेवानिवृत होने पर हरिश्चंद्र सती ने कहा कि सहकारिता विभाग में सभी साथियों ने एक परिवार की तरह हमेशा उनका भरपूर सहयोग प्रदान किया है। इसके लिए वह आजीवन सभी का आभारी रहेंगे। इस मौके पर अपर जिला सहकारी अधिकारी हेमराज सिंह चौहान,राजेंद्र प्रसाद,विकास शर्मा,नवल शर्मा,रुचि शुक्ला जगदीश गिरी,नीरज पांडे,रायमीन,प्रमोद कुमार,गोविंद प्रसाद विकास रावत,अजीत कुमार, सरफराज अहमद,साकेत शाही,बृजेश कुमार, सुरेश चंद सती,सर्वजीत शर्मा, वीरेंद्र नौटियाल,विजय शर्मा,अनिल कुमार,गुरनाम सिंह आदि मौजूद रहे।



# मोदी के नेतृत्व में तेजी से बदल रहा है देश: भट्ट

## 9048.35 लाख की 29 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जवाहर नवोदय विद्यालय रूद्रपुर में आयोजित शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम में केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने जनपद कुल 9048.35 लाख की लागत की 29 योजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। जिसके में 4521.15 लाख की लागत की 14 योजनाओं का लोकार्पण एवं 4527.20 लाख लागत की 15 योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान श्री भट्ट ने कहा कि सरकार के द्वारा आमजन के स्वस्थ के क्षेत्र में आयुष्मान योजना के साथ साथ अन्य कई योजनाएं संचालित हो रही है। जनता को भी थोड़ा प्रयास करना होगा और सीखना होगा कि कि योजनाओं की सही और अधिक से अधिक जानकारी हो जिससे वे लोग अधिक से अधिक लाभ ले सके। उन्होंने कहा कि आज के दौर में लड़के और लड़कियों में अब कोई फर्क नहीं है। लड़कियां देवी का रूप होती है, वे दुर्गा भी है और चण्डी भी आज के दौर में वे फाईटर विमान तक उड़ा रहीं हैं। आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से बदल रहा है। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व के ताकतवर देश भी हमारे देश को सम्मान दे रहा। सेना को मजबूत बनाने के लिए सरकार अनेकों प्रयास कर रही है। आज हमारा देश मजबूत हो रहा है, आज हमारा देश युद्धपोत, फाईटर विमान, प्रचण्ड हेलीकॉप्टर, ब्रह्मोस मिसाईल आदि चीजों निर्माण स्वयं कर रहा है, अब किसी अन्य देशों पर आश्रित नहीं है बल्कि विश्व के कई देश भारत के और टकटकी लगाएं बैठे हैं और आज हमारा देश एक निर्यातक के रूप में निखर कर विश्व के सामने आ रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि राम मन्दिर का निर्माण अपने अंतिम चरण में है जो आने वाले फरवरी 2024 में देश के श्रद्धालुओं को समर्पित होने वाला है। इस दौरान श्री भट्ट ने एनआरएलएम के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भरौनी सितारगंज की दिव्या स्वंय सहायता समूह को 12 लाख, ग्राम पंचायत गोसी कुऑ खटीमा के नारी सशक्तीकरण स्वंय सहायता समूह को 6 लाख, ग्राम पंचायत नन्दपुर गदरपुर दुर्गा स्वंय सहायता समूह को 5 लाख, ग्राम पंचायत जुड़का काशीपुर की पूनम स्वंय सहायता समूह को 3 लाख व ग्राम पंचायत कनौरा बाजपुर की गुलाब स्वंय सहायता समूह को 5 लाख का चौक वितरित किया। इसी प्रकार एनआरएलएम सीआईएफ के अन्तर्गत श्री भट्ट ने विकास खण्ड सितारगंज के बढ़ते कदम कलस्टर को 15 लाख 75 हजार, रूद्रपुर के आजाद कलस्टर को 17 लाख 25 हजार, जसपुर के सहयोग कलस्टर को 7 लाख 50 हजार, काशीपुर के भारत महिला कलस्टर को 8 लाख 25 हजार व बाजपुर के मधुवन कलस्टर को 18 लाख 75 हजार का चैक वितरित किया। व्यक्तिगत उद्यम के तहत विकास खण्ड जसपुर के तुलसी महिला कलस्टर को 1 लाख 35 हजार, हिमान्या महिला कलस्टर को 1 लाख 65 हजार, काशीपुर के भारत महिला कलस्टर को 45 हजार, परिर्वतन महिला कलस्टर को 52 हजार पांच सौ, रानी महिला कस्टर को 97 हजार पांच सौ, बाजपुर के मधुवन कलस्टर को 3 लाख 15 हजार, गदरपुर के शाहकार कलस्टर को 22 हजार पांच सौ, उड़ान कलस्टर को 97 हजार पांच सौ, रूद्रपुर के नारी शक्ति कलस्टर को 2 लाख 17 हजार पांच सौ, सितारगंज के बढ़ते कदम कलस्टर को 1लाख 50 हजार, स्वावलम्बी कलस्टर को 67 हजार पांच सौ, खटीमा के प्रगति महिला कलस्टर को 1 लाख 80 हजार व कन्हैया महिला कलस्टर को 2 लाख 10 हजार का चौक वितरित किया। नारी शक्ति स्वायत्व सहकारिता समिति बिगवाड़ा रूद्रपुर को 8 लाख 5 हजार, प्रतिभा स्वायत्त सहकारिता बण्डिया रूद्रपुर को 70 हजार, उड़ान कलस्टर संगठन धनपुर-विजपुर गदरपुर को 8 लाख 40 हजार, शाहकार कलस्टर संगठन स्वायत्त सहकारिता समिति आनंदखेड़ा गदरपुर को 3 लाख 85 हजार, एकता स्वायत्त सहाकारिता समिति बराखेड़ा गदरपुर को 2 लाख 80 हजार, भारत महिला संकुल स्तरीय संगठन बांसखेड़ाखुर्द काशीपुर को 5 लाख 95 हजार, परिर्वतन महिला संकुल स्तरीय संगठन देवीपुरा काशीपुर को 2 लाख 80 हजार, रानी लक्ष्मीवाई महिला सीएलएफ कुण्डेश्वरी काशीपुर को 2 लाख 8 हजार, स्वावलम्वी कलस्टर संगठन कल्याणपुर सितारगंज को 3 लाख 15 हजार, बढ़ते कदम सीएलएफ टैगोर नगर सितारगंज को 8 लाख 5 हजार, प्रगति महिला कलक्टर खेतलसण्डा खटीमा को 9 लाख 10 हजार, कन्हैया कलस्टर बिगराबाग खटीमा को 1 लाख 40 हजार, मधुवन कलस्टर बरहैनी बाजपुर को 10 लाख 50 हजार, विश्वास कलस्टर सरकण्डा बाजपुर को 1 लाख 75 हजार व उज्वल कलस्टर चकरपुर बाजपुर को 6 लाख 65 हजार का चैक वितरित किया। इस दौरा श्री भट्ट ने महिलाओ को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट, दिव्यांगजनों को व्हील चौयर, कान की मशीन वितरित किये एवं महिला स्वंय सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादित उत्पादो को खरीदा एवं बनाये गये व्यंजनों का स्वाद भी चखा तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम के प्रसारण को ऑनलाइन सुना गया, जिसमे प्रधानमंत्री ने ड्रोन दीदी योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने वाले झारखंड, उड़ीसा, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश एवं जम्मू कश्मीर के नागरिकों से ऑनलाइन के माध्यम से वार्ता की एवं उनको भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने देश के विभिन्न स्थानों पर विकास रथ के स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह विकास रथ को देशवासियों ने प्रेम से मोदी की गारण्टी वाली गाड़ी का नाम दिया। इसके लिए मैं विश्वास दिलाता हूँ पूरे देश को कि मोदी की गारण्टी मतलब है गारण्टी पूरा करने कि गारण्टी। उन्होंने कहा कि देश में करीब 30 लाख लोगों ने इसका लाभ लिया है। इस दौरान हल्द्वानी में आयोजित 'ईजा बैणी महोत्व' में पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का लाइव प्रसारण भी किया गया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा, अरविंद पाण्डे, तिलक राज बेहड़, आदेश चौहान मेयर रामपाल, जिलाधिकारी उदय राज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, डीएसटीओ नफील जमील, मुख्य कृषि अधिकारी एके सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेशपुर सीमा सरकार, जिलाध्यक्ष काशीपुर गुँजन सुखीजा, प्रदेश मंत्री भाजपा विकास शर्मा, भारत भूषण चुघ, राकेश सिंह आदि उपस्थित थे।












# कबड्डी प्रतियोगिता में सितारगंज की टीम बनी चैंपियन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।विधायक शिव अरोड़ा ने कहा कि कबड्डी खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। आज पूरे देश में कबड्डी खेल को प्राथमिकता दी जा रही है और यह खेल अब राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर तक फैल चुका है और कबड्डी की बड़ी-बड़ी लीग प्रतियोगिताएं भी देश में आयोजित की जाती हैं। श्री अरोरा ट्रांजिट कैंप स्थित फुटबॉल मैदान में कबड्डी प्रतियोगिता के मौके पर बोल रहे थे। इससे पूर्व शिव अरोड़ा एवं भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। पहला मैच रुद्रपुर और किच्छा की टीम के बीच खेला गया दोनों टीमों के खिलाड़ियों से विधायक अरोड़ा और किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मिश्रा ने परिचय प्राप्त किया। मिश्रा ने कहा कि युवाओं में कबड्डी का रुझान तेजी से बढ़ता जा रहा है और कबड्डी के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ रहने की प्रेरणा मिलती है ।प्रदेश मंत्री कमल मुनि जोशी ने कहा कि अन्य खेलों के साथ-साथ आप कबड्डी का खेल भी लोकप्रिय होता जा रहा है और यह गांव और कस्बों से निकलकर बड़े-बड़े शहरों में खेला जा रहा है आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 14 मंडलों की टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें रुद्रपुर दक्षिणी मंडल ,रुद्रपुर उत्तरी मंडल, रुद्रपुर ग्रामीण मंडल के अलावा किच्छा, शक्तिफार्म ,चकरपुर, पंतनगर आदि की टीमें भी शामिल रही। फाइनल मैच सितारगंज और खटीमा में खेला गया जिसमे सितारगंज की टीम विजयी हुई। कार्यक्रम के समापन में विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा,विकास शर्मा उत्तम दत्ता, कमल मुनि धीरेश गुप्ता एवं सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दी। इस दौरान विवेक सक्सेना ,मोहन तिवारी ,राकेश सरकार ,प्रदीप पुजारा, गोपाल पटेल ,हरेंद्र राय, जसविंदर सिंह, इंद्रपाल मान, विनय बतरा कोच नीतीश कुमार, समेत रेफरी विमल पांडे ,संदीप पांडे और कमेंटेटर नवीन टम्टा मौजूद थे।







# हर पीड़ित को न्याय दिलाना प्राथमिकता: सुंदरम शर्मा

किच्छा(उद संवाददाता)। युवा एवं तेज तर्रार नव नियुक्त कोतवाल सुंदरम शर्मा ने अपनी चिर परिचित शैली में काम करना शुरू कर दिया है। नगर के राजनीतिक,सामाजिक सहित तमाम संगठनों के साथ बैठक कर नगर की कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के साथ ही सत्यापन का कार्य भी जोरों पर प्रारंभ कर दिया है। इसी कड़ी में कोतवाल सुंदरम शर्मा द्वारा पत्रकारों से भी विशेष मुलाकात की।इस अवसर पर सुंदरम शर्मा ने कहा कि नगर क्षेत्र की बिगड़ी यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाना तथा नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई के साथ ही हर पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार के स्थानांतरण के बाद सुंदरम शर्मा ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात कहा कि कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में किराएदारों के सत्यापन के लिए अभियान चलाकर नोटिस जारी किया जा रहा है। साथ ही बाहरी क्षेत्र से आए संदिग्ध लोगों की पहचान की जा रही है। उन्होंने भवन स्वामियों से बाहरी क्षेत्र निवासियों को किराए पर दुकान अथवा मकान देने की दशा में अनिवार्य रूप से किराएदार का पुलिस सत्यापन कराए जाने की अपील करते हुए कहा कि भवन स्वामियों की सुरक्षा की दृष्टि से भी यह बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि भवन स्वामी की जरा सी लापरवाही उनके परिवार के लिए भी घातक साबित हो सकती है, क्योंकि बाहरी क्षेत्र के अपराधिक व्यक्ति द्वारा बिना सत्यापन के भवन किराए पर लेने के बाद क्षेत्र में किसी बड़ी अपराधी घटना को अंजाम दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उधम सिंह नगर जिले के रहने वाले व्यक्ति को किराए पर मकान लेने की दशा में ग्रह क्षेत्र थाने की रिपोर्ट के आधार पर ही एनओसी जारी कर दी जाएगी। प्रभारी निरीक्षक शर्मा ने कहा कि ट्रेन आने के समय रेलवे स्टेशन पर लगने वाले जाम एवं अंबेडकर चौक पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की दिशा में रणनीति बनाई जाएगी। कहा कि जल्द ही नगर क्षेत्र में प्राइवेट रूप से चलने वाले टेंपो, ई रिक्शा, टाटा मैजिक, प्राइवेट बस के संचालकों की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने नगर क्षेत्र में संचालित ई रिक्शा चालकों का सत्यापन करने के बाद उनको प्रशासन के माध्यम से परिचय पत्र जारी करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध रूप से चलने वाले ई-रिक्शा वाहनों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। शर्मा ने कहा कि हर पीड़ित व्यक्ति न्याय की आस लेकर कोतवाली आता है तथा उनका प्रयास रहेगा कि हर पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाने में कोतवाली पुलिस की टीम पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे। बाहरहाल नव नियुक्त कोतवाल ने अपना नया अंदाज जनता के सम्मुख रख दिया है जनता कितना निर्वहन करती है यह समय ही बताएगा।



# प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में महान पैदल यात्रा 4 दिसंबर को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।साहब श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व को समर्पित महान पैदल यात्रा 4 दिसम्बर दिन सोमवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोल मार्केट रुद्रपुर से प्रातः 5 बजे प्रारंभ होकर शब्द कीर्तन करते हुए मेडिसिटी अस्पताल करतारपुर सुवा नगला हजरतपुर मनवा पट्टी व मंगतपुर होते हुए गुरुद्वारा श्री नानक पुरी टांडा साहब पहुंचेगी । स्त्री सत्संग सभा की प्रधान बीबी परमजीत कौर पम्मी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुद्वारा साहब के दर्शन करने के बाद संगत को वापस लाने के लिए व्यवस्था की गई है। बीबी परमजीत कौर पम्मी ने कहा कि सारी गुरुनानक नाम लेवा संगत इस महान पैदल यात्रा में शामिल होकर गुरुघर की खुशिया प्राप्त करे व अपने जीवन को सफल बनायें।

# हारे का सहारा है, बाबा श्याम प्यारा है

## श्याम संकीर्तन में भजन गायक नंदकिशोर 'नंदू' ने बांधा शमा,कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने भी दरबार में माथा टेका





सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर की श्री श्याम युवा मित्र मण्डल के तत्वाधान में खाटू वाले श्याम प्रभु का विशाल दरबार श्री रामलीला मैदान में बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर प्रारम्भ हुआ।कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर बाबा के दरबार में माथा टेका। युवा मित्र मण्डल ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।विख्यात भजन गायक नंदकिशोर 'नंदू' ने अपने मुखारविंद से भजनों की अमृत वर्षा कर भक्तों को झूमने को विवश कर दिया।नंदकिशोर नंदू जी 75 वर्ष की आयु में भी बाबा के भजन इस भक्ति भाव से सुनाते हैँ कि भक्तजन प्रभु की भक्ति में भाव-विभोर हो जाते हैँ।नंदू जी ने श्याम ऐसी कृपा बरसा दे, हारे का सहारा है बाबा श्याम प्यारा है, दिल से रिझायेंगे-जिस दिन श्याम प्यारे घर आएंगे, कीर्तन की है रात बाबा आज थाणँ आनो है आदि भजनों से शमा बांधा। दिल्ली से आये गायक मयूर रस्तोगी और बिहार से आयी गायिका रेशमी शर्मा ने भी मधुर भजन सुनाये।श्याम प्रेमियों का उत्साह इतना जबरदस्त था की पूरा शहर बाबा के जयकारों से गुंजायमान था।महिलाओं व बच्चे और श्याम युवा मित्र मण्डल के सदस्यों का अपार जनसमूह बाबा के विशाल दरबार के साक्षी रहे। पुलिस प्रशासन की मुस्तेदी ने व्यवस्था को समुचित बनाने में भरपूर सहयोग दिया। अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष महेश मित्तल,अग्रसेन ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश सिंघल,भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल,अंकुर गर्ग,संजय गोयल,मुकेश गोयल,राजकुमार सिंघल,दुर्गेश मोहन गोयल,शिवम् मित्तल,प्रदीप गर्ग,आनंद गर्ग,मुकेश गोयल,सतीश उपाध्याय, उमाशंकर दुबे,सम्पत राम गोयल,विनीत जैन, संजय ठुकराल,विक्की मुंजाल, विनय गर्ग, विकास गर्ग,निशांत गोयल, यश गोयल,अनिल गोयल, मोहित गर्ग,योगेंद्र बंसल,शिवपाल चौहान, अंकित गोयल,सुधीर गुप्ता,उमेश सोनू, सतीश सागर, अमन गुप्ता,सचिन मित्तल, अमित राठी,अरुण गुप्ता, रोहित मित्तल,भरत सिंघल,सौरभ अरोरा, साहिल चिटकारा,मनोज गर्ग, तुषार मित्तल, अनिल सिंघलमुकेश गर्ग, डब्बू बिंदल,नत्थूलाल गोयल, विकास गोयल, प्रीति गोयल,संगीता मित्तल सीमा सिंघल,पल्लवी सिंघल,प्रेमलता गोयल, सृष्टि सिंघल,पूजा गर्ग, पूजा मित्तल, मिशिका बंसल,पूजा गुप्ता आदि रहे।

## प्रधानाचार्य से गुंडागर्दी व लूटपाट में पांच नामजद

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पंडित गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज काशीपुर के प्रधानाचार्य ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी को शिकायती पत्र देकर दंपति समेत पांच लोगों पर दिनदहाड़े गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने समेत तमंचे के दम पर सोने की चेन लूटने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने एसएसपी के निर्देश पर सभी आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर पंडित गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अजय शंकर कौशिक ने बताया कि बीते 28 नवंबर को जब वह अपने कार्यालय में बैठा था इसी दौरान चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय की उप प्रधानाचार्य दीपिका गुड़िया आत्रेय के पति नीरज आत्रेय का फोन उसके मोबाइल पर आया। दूसरी ओर से नीरज आत्रेय ने कहा कि कॉलेज तेरे बाप का नहीं है। तुझे डंडे मार कर कार्यालय से बाहर कर दूंगा। तुझे टीन शेड में बैठा दिया जाएगा। अभी थोड़ी देर में दीपिका गुड़िया आएगी वह तुझे ठीक करेंगी। शिकायतकर्ता ने एसएसपी को बताया कि इन तमाम आरोपों की रिकॉर्डिंग उसके पास है। इसी बीच लगभग 11:30 बजे मोहल्ला रहमखानी निवासी दीपिका गुड़िया पत्नी नीरज आत्रेय साथी मुकेश कुमार शर्मा और नरेंद्र कुमार शर्मा तथा दो अज्ञात अन्य के साथ अचानक कार्यालय में आ धमके। उपरोक्त सभी के हाथों में डंडे और तमंचे थे। दीपिका के इशारे पर हथियारों से लैस बदमाशों ने प्रधानाचार्य से गाली गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान चंद्रावती तिवारी की उप प्रधानाचार्य दीपिका गुड़िया ने प्रधानाचार्य को धमकाया कि यदि उसे प्रतिमाह रंगदारी के रूप में 5 लाख रुपए नहीं दिए तो कॉलेज में नौकरी नहीं करने दिया जाएगा तथा उसके परिवार को मौत के घाट उतार दिया जाएगा। घटना को अंजाम देते हुए प्रधानाचार्य का आरोप है कि उसके गले से हमलावरों ने कीमती सोने की चेन लूट ली और मौके से फरार हो गए। समूची घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद बताई जा रही है। शिकायत करने वाले पीड़ित प्रधानाचार्य ने यह भी कहा कि दीपिका गुड़िया व उसके पति नीरज आत्रेय द्वारा किसी भी व्यक्ति को झूठे तथा मनगढ़ंत आरोप में कानून के जाल में फंसाना इनके बाएं हाथ का खेल है। इस मामले में पुलिस ने चंद्रावती तिवारी कन्या महाविद्यालय की उप प्रधानाचार्य मोहल्ला रहमखानी निवासी दीपिका गुड़िया उसके पति नीरज आत्रेय, मुकेश कुमार शर्मा, नरेंद्र कुमार शर्मा व माधव सिंह के खिलाफ धारा 323, 384 504 506 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## एड्स जागरूकता दिवस पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। श्री गुरुनानकदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एन एस एस इकाई के एक दिवसीय शिविर में एड्स जागरूकता दिवस एवं रेड रिबन के तहत निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ इंदुबाला के निर्देशन में सर्वप्रथम सरस्वती वन्दना के साथ महाविद्यालय प्रांगण में स्वयंसेवियों द्वारा स्वच्छता की गई और फिर रैली निकाली गई। रैली के बीच में स्वयंसेवियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को एडस से बचने के उपाय एवं इस तरह के संक्रमित रोगों के बारे में लोगों को इससे बचने के प्रति जागरूक किया इस अवसर पर डां मनोज कुमार जोशी एवं कविंद्र सिंह बोरा ने एड्स के बारे में विभिन्न जानकारी दी और इस तरह के संक्रमित रोगों से बचने के बारे में बताया। एड्स दिवस एवं रेड रिबन क्लब के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई ।इस अवसर पर डॉ गोपाल सिंह, मनोज कुमार, वर्षा सक्सेना, शोभा बोहरा नीमा गोस्वामी , आरती राणा,कामिनी राना, रेनु थापा, डॉ किरन, पंकज सिंह बोरा, ज्योति राणा,रोशन कुमार, अफ्साखान, प्रिया, रश्मि दुर्गानाथ गोस्वामी और देव राम सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राऐं उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष...

**चौकी में व्यापारियों से ..**को कहा। उक्त ग्राहकों ने मोटो कंपनी का 25 हजार कीमत का मोबाइल पसंद किया। विवो मोबाइल को रिप्लेस करके उन्हें मोटो कंपनी का मोबाइल दे दिया गया। आरोप है कि अगले दिन फिर उक्त लोग मोबाइल बदलने के लिए कहने लगे और खुद को एसडीएम का रिश्तेदार बताकर धमकाने लगे और व्यापारी के मामले झूठी शिकायत भी पुलिस को दे दी। इसका पता लगने पर शुक्रवार को इलेक्ट्रोनिक्स व्यापारियों ने बाजार चौकी पहुंचकर शिकायत की। आरोप है कि चौकी में मौजूद दरोगा ने शिकायत सुनने के बजाय व्यापारियों से अभद्रता करते हुए गाली गलौच शुरू कर दी और व्यापारियों को वहां से भगा दिया। इसकी जानकारी मिलने पर व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में तमाम व्यापारियों ने सीओ कार्यालय पहुंचकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया और अभद्रता करने वाले दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले को लेकर व्यापारियों ने सीओ से मुलाकात की और पूरे प्रकरण से अवगत कराया। जिस पर सीओ ने अभद्रता करने वाले दरोगा के साथ ही मोबाइल खरीदने वाले पक्ष को भी मौके पर बुलाया। दूसरे पक्ष के गौर व द्विवेदी का कहना था कि उन्हें जो मोबाइल रिप्लेस करके दिया गया था वह पहले से ही एक्टिवेट था साथ ही उन्हें जीएसटी बिल भी नहीं दिया गया। जब वह शिकायत करने आये तो उन्हें धमकाया गया। सीओ ने दोनों पक्षों की बात सुनी। बाद में व्यापारी दरोगा से माफी मंगवाने की जिद पर अड़ गये। सीओ ने खुद खेद व्यक्त किया लेकिन व्यापारी नहीं माने। जबकि दरोगा माफी मांगने को तैयार नहीं हुआ। उसका साफ कहना था कि उसने कोई गलती नहीं की है। काफी देर तक वार्ता के बाद भी कोई नतीजा नहीं मिलने पर व्यापारी सीओ कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गये। धरना देने वालों में राजीव चावला, हरीश अरोरा, अजय गोयल, मुकेश मुंजाल, पंकज कालरा, मुकेश ग्रोवर, राकेश सुयाल, रिंकू, मन्नी हुड़िया आदि सहित कई व्यापारी थे।

**नगर निगम में कल से ...**निर्माण कार्य कराने की परिपाटी, धार्मिक आधार पर बस्तियां एवं मोहल्लों को अछूत मानने की रवायत को खत्म कर, उत्तराखंड के आर्थिक रूप से समृद्ध नगर निगमों में से एक रुद्रपुर नगर निगम में भीतर खाने जारी सरकारी धन के बंदरबांट का खात्मा कर, नगर निगम रुद्रपुर में एक नए युग का सूत्रपात करेंगे ।बताना होगा कि पिछले पांच सालों में निर्वातमान निगम परिषद के प्राय: प्रत्येक सदस्य ने राजनीतिक पूर्वाग्रह के चलते निगम द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों में,न केवल खुलकर राजनीतिक खुन्नस निकाली ,बल्कि अनेक वार्डों में सड़क एवं नाली के अभाव में नारकीय जीवन जीने को बाध्य गरीब लोगों को उनके बुनियादी हक से केवल इसलिए वंचित कर दिया ,क्योंकि निवर्तमान निगम परिषद के माननीय सदस्यों को यह लगता था कि उन्होंने चुनाव के दौरान उन्हें वोट नहीं दिया। साफ और सीधे शब्दों में कहें तो जिलाधिकारी के अब तक की कार्यपद्धति के दृष्टिगत वासियों द्वारा यह उम्मीद पालना लाजमी है कि अब शायद रुद्रपुर नगर निगम के संसाधनों का न्याय पूर्ण वितरण हो और नतीजतन बुनियादी सुविधाओं की कोई छोटी मोटी सौगात उनकी चौखट तक भी पहुंच सके। कहने की जरूरत नहीं की शहर वासियों की यह उम्मीद तभी पूरी हो पाएगी, जबकि धामी सरकार के स्थानीय लगुआ-भगुआ, जिलाधिकारी को बिना किसी राजनीतिक दबाव के जनहित में स्वतंत्रता पूर्वक फैसला लेने देंगे।

**पचास हजार का ईनामी...**द्वारा प्रयास किये जा रहे थे। टीम द्वारा देर रात रामजीवाला छकड़ा थाना मण्डावर जनपद बिजनौर उप्र में दबिश देकर पिछले 5 वर्षो से वांछित कुख्यात ईनामी हत्यारे वीर सिंह को गिरफ्तार किया गया ।उन्होंने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त वीर सिंह सैनी उर्फ भगत द्वारा लेबर कालोनी रानीपुर हरिद्वार में 10-08-2018 को वादी की पुत्री के साथ छेड़छाड़ की घटना की गयी जिसका जिसका विरोध उसके भाई हेमन्त द्वारा किया गया तो 3 अभियुक्तो वीर सिंह, बलवीर एवं विरेन्द्र द्वारा हेमन्त के साथ मारपीट कर उसके सिर पर चोट मारकर हत्या कर दी गयी व एवं तीनो अपराधी मौके से फरार हो गये थे। जिसमे से हरिद्वार पुलिस द्वारा एक अभियुक्त वीरेन्द्र को उसी समय गिरफ्तार कर लिया गया था परन्तु इस घटना में शामिल अन्य 2 अभियुक्त वीर सिंह व बलबीर सिंह तब से लगातार फरार चल रहे थे। इन दोनो अभियुक्तो की गिरफ्तारी पर पुलिस उप महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र द्वारा 50-50 हजार का ईनाम घोषित किया गया था। ये दोनो ईनामी हत्यारे एसटीएफ की रडार पर थे, जिनकी गिरफ्तारी को लेकर पिछले काफी समय से एसटीएफ लगातार प्रयास कर रही थी। जिसके फलस्वरुप कल देर रात को अभियुक्त वीर सिंह की गिरफ्तारी रामजीवाला छकड़ा थाना मण्डावर जनपद बिजनौर से सम्भव हो सकी है। फरार दोनो अभियुक्त घटना से पहले थाना रानीपुर, हरिद्वार क्षेत्र में लेबर कालोनी में झोपड़ी लगाकर रहते थे जो खानाबदोश जीवन व्यतीत कर रहे थे जिनका कोई स्थाई पता नही था। गिरफ्तार होने पर अभियुक्त ने पुलिस को बताया कि पुलिस से बचने के लिये उसने अपना भेष बदलकर उप्र के अलग अलग स्थानो में रह रहा था। उसने यह भी बताया कि घटना के बाद से पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिये बाबा का भेष बनाकर अलग-अलग मंदिरो मे रहता था। उन्होंने बताया कि अभियुक्त खानाबदोश किस्म का व्यक्ति था। जिसका कोई स्थानी पता न होने के कारण गिरफ्तारी कर पाना बहुत कठिन हो रहा था । इसकी गिरफ्तारी हेतु एसटीएफ द्वारा एक अलग से रणनीति तैयार की गयी जिसके तहत अभियुक्त के बारे में मैनुवली एवं सर्विलांस के माध्यम से सूचना एकत्रित की गयी। जिसके कारण ही अभियुक्त की गिरफ्तारी सम्भव हो पायी है। पकड़े गये अभियुक्त से अन्य फरार अभियुक्त बलबीर के बारे में काफी जानकारियां एसटीएफ को प्राप्त हुयी है जिससे आने वाले दिनो में उसकी भी गिरफ्तारी की सम्भावना है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल के कुशल निर्देशन में एसटीएफ उत्तराखण्ड द्वारा अब तक 50 से अधिक खतरनाक शातिर व इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक अबुल कलाम, एसटीएफ, उनि. विद्या दत्त जोशी, हे. का. बृजेन्द्र चौहान, महेन्द्र सिंह, का. मोहन असवाल शामिल थे।

**ब्यूटी पार्लर में हुई....**किया है।चौकी प्रभारी नीमा बोहरा के नेतृत्व में एसआई प्रकाश भगत, कांस्टेबल पंकज सजवाण, राकेश खेतवाल व दिनेश चन्द्र क्षेत्र में गश्त कर रहे थे । इसी दौरान उन्हें धोबी घाट में एक युवक संदिग्ध रूप से घूमता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर जब उसने भागने की कोशिश की तो संदेह होने पर टीम ने पीछा कर कुछ दूरी पर उसे दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता शिव नगर ट्रांजिट कैम्प निवासी संदीप कश्यप पुत्र लालता प्रसाद निवासी वार्ड न० 8 शिवनगर ट्रांजिट कैम्प बताया। । तलाशी लेने पर उसके पास से 12 हजार रूपये नगद व कानों के टाप्स, एक अंगूठी, मोबाईल तथा आधार कार्ड बरामद हुआ। कड़ी पूछताछ करने पर संदीप ने पुलिस को बताया कि उसने ब्यूटी पार्लर की दुकान पर चोरी की थी। यह रूपये एवं जेवर वही के ही हैं। चौकी प्रभारी नीमा बोहरा ने बताया कि हर समय आवागमन रहने वाली रोड़ पर चोरी की घटना का खुलासा करना उनके समक्ष चुनौती थी जिसे उन्होंने स्वीकार किया। उन्होंने बताया चोरी की इस घटना के खुलासे के लिए काफी संख्या में सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को बारीकी से देखा गया। जिसके बाद से संदिग्धों की खोजबीन शुरू कर दी गई। आखिरकार शातिर चोर को पुलिस ने चोरी किए सामान सहित गिरफ्तार कर लिया।

**डिवाईडर से टकराई...**टकराकर पलट गयी। हादसे में बाइक चालक छिन्दर सिंह गंभीर घायल हो गया उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के सिर में गंभीर चोट आई थी। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। मृतक मजदूरी करता था उसके दो पुत्र और एक पुत्री है।

## शिलापट में भाजपा नेता का नाम देख कांग्रेस पार्षद का चढ़ा पारा

रूद्रपुर(ऊधमसिंह नगर)। नगर निगम द्वारा विभिन्न वार्डो में सम्पन्न होने वाले विकास कार्यो के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान शिलापट पर भाजपा नेता का नाम देख महिला कांग्रेस पार्षद का पारा चढ़ गया और उसने जमकर हंगामा काटा और मेयर पर तानाशाही का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार नगर निगम परिसर में आज क्षेत्र के 40 वार्डो में निगम द्वारा सम्पन्न कराये जाने वाले विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जहां 40 वार्डो में होने वाले प्रस्तावित विकास कार्यो का अलग-अलग शिलापट लगवा कर इसका श्रीगणेश किया गया। वार्ड 5 में प्रस्तावित विकास कार्यो के शिलापट में दूसरे वार्ड के भाजपा नेता राधेश शर्मा का नाम अंकित होने पर वार्ड 5 की कांग्रेस पार्षद प्रीति साना बौखला गई और उन्होंने अपना विरोध जताते हुये मेयर राम पाल के समक्ष जमकर हंगामा काटा। उनका कहना था कि पूर्व में मेयर रामपाल को अवगत करा दिया गया था कि दूसरे वार्ड के उक्त भाजपा नेता का नाम उनके वार्ड में होने वाले किसी भी विकास कार्यो के शिलापट में अंकित न किया जाये। यदि मेयर रामपाल को अपनी किसी मजबूरी के चलते यदि ऐसा करना भी था तो उनका नाम शिलापट में अंकित न किया जाता। इसके बावजूद मेयर रामपाल द्वारा उक्त भाजपा नेता के नाम के साथ उनका नाम अंकित कराया गया। इसका वह विरोध करती है। इस दौरान पार्षद प्रीति साना और उनके समर्थकों ने जमकर हंगामा भी काटा गया।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# विधायक ने जिला न्यायालय में अधिवक्ता कक्ष व पार्किंग शैड का किया लोकार्पण





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने जिला सत्र न्यायालय में मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत 1 करोड़ की लागत से बने अधिवक्ता चेम्बर व विधायक निधि से 23 लाख की लागत से बने पार्किंग शेड के निर्माण कार्य का लोकार्पण जिला जज प्रेम सिंह खिमाल की गरिमामायी उपस्थिति में किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि उधम सिंह नगर जिला न्यायालय बहुत बड़ी संख्या में वकील प्रेक्टिस करते है और यह कि अधिवक्ता की संख्या को देखते हुए उनके बैठने हुए कक्ष निर्माण, जिसको हमने मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल करवा कर अधिवक्ता कक्ष के निर्माण का कार्य करवाया और साथ ही पार्किंग क्षेत्र में टीन शेड का निर्माण विधायक निधि से करवाया है और साथ ही विधायक शिव अरोरा ने आश्वस्त किया कि बचे हुए पार्किंग शेड का निर्माण भी आने वाले समय में करवाएंगे, निश्चित रूप से इस न्याय के मंदिर को सुंदर और अच्छा बनाना हमारा दायित्व है और हम पूरी ईमानदारी से सभी अधिवक्ता के साथ खड़े हैं। इस दौरान विधायक शिव अरोरा का जिला बार की ओर से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान जिला बार के अध्यक्ष एम के तिवारी,सचिव सुशीला मेहता, अजय नारायण, शुभम, शिव कुँवर, मुकेश मिश्रा, धीरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र नरूला, विष्णु मंडल,नरेश छाबड़ा, गुरबाज सिंह,महेश बब्बर, सुरेंद्र गिरधर, अमलेश कोली, राघव सिंह, उपेंद्र चौधरी, किरन विर्क, सुशील गाबा, धीरेश गुप्ता, मयंक कक्कड़, योगेश वर्मा, सुनील यादव, डम्मी चोपड़ा, विकास सागर, मदन दिवाकर, महावीर कश्यप व अन्य लोग मौजूद रहे।

# चोरी के माल सहित दो गिरफ्तार



किच्छा(उद संवाददाता)। पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में करीब 10 दिन पूर्व राजकीय प्राथमिक विद्यालय में हुए सरिया चोरी की घटना का थाना पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने दो आरोपियों को चोरी के माल सहित दबोच लिया। फिलहाल पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार विगत 20 नवंबर को थाना अंतर्गत पुराना बरेली रोड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य संजय कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोरों द्वारा विद्यालय परिसर में रखे करीब 1 कुंतल वजन का सरिया चुरा लिया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करने के बाद गठित की गई पुलिस टीम ने सरकारी स्कूल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को चिन्हित कर उनकी तलाश शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर बंगाली कॉलोनी, वार्ड नंबर 17, थाना पुलभट्टा निवासीगण पूरन सिंह उर्फ हैप्पी एवं योगेंद्र सिंह उर्फ राहुल को चोरी के माल के साथ दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लोहे के 10 फुट के 25 तथा 5 फुट के 50 टुकड़े बरामद कर कब्जे में ले लिए। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष भट्ट ने बताया कि पकड़े गए आरोपी पूरन सिंह उर्फ हैप्पी के खिलाफ चार तथा आरोपी योगेंद्र सिंह के खिलाफ आर्म्स एक्ट, चोरी एवं एनडीपीएस के तीन मामले दर्ज हैं। आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक प्रताप सुयाल, पुलिसकर्मी फिरोज खान, महेंद्र सिंह, दीपक बिष्ट शामिल रहे।

# सिडकुल में परशुराम तिराहे का हुआ भूमि पूजन



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सिडकुल में भगवान परशुराम जी के नाम से बने तिराहे का भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, मेयर रामपाल सिंह, ब्राम्हण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पं. सुरेश चन्द्र शर्मा सहित अन्य लोगों की मौजूदगी में विधिवत पूजा अर्चना के साथ भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम जी हिंदुओं के पूज्य हैं। उनके नाम पर जल्द ही सिडकुल तिराहे का भव्य निर्माण किया जाएगा। आज भूमि पूजन के साथ इसकी शुरूआत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जी के नाम से तिराहे या चौराहे का नाम रखने की मांग ब्राम्हण समाज लंबे समय से कर रहा था। आज यह मांग पूरी होने जा रही है। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में धार्मिक भावनाओं का हमेशा सम्मान किया जाता है। धार्मिक भावनाओं का अनादर नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने भगवान परशुराम जी की नाम पर तिराहे का भव्य निर्माण होगा। इस अवसर पर भाजपा नेता उत्तम दत्ता,तरुण दत्ता,राकेश सिंह,ब्राह्मण सभा के पं. सुरेश चंद्र शर्मा, पण्डित मुकेश वशिष्ठ, नगर अध्यक्ष नितिन कौशिक, तरुण दत्ता, राकेश सिंह,भारत भूषण चुघ, इंद्रेश मिश्रा, संदीप मिश्रा,जुगल बल्लभ शर्मा, रामकिशन शर्मा, कुलदीप शर्मा, प्रमोद शर्मा, संजीव शर्मा,पंडित सुनील शर्मा, नवीन नैनवाल प्रदीप शर्मा,अमित गोड, देव शर्मा, सरोज त्रिवेदी,आदेश भारद्वाज, राम अवतार शर्मा आदि समस्त ब्राह्मण सभा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# फूलों से सज रहे हैं मेरे वृंदावन बिहारी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मोहल्ला संजय नगर खेड़ा में डॉक्टर दीपक सरकार के निवास पर एक दिवसीय कथा और भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें कथा व्यास राधिका बल्लभ द्वारा बहुत ही सुंदर कथा का वर्णन किया गया और भजन संध्या में राधा कृष्ण के कई सुंदर भजन गाकर वातावरण को पूरी तरह से कृष्ण मय कर दिया। इस मौके पर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक एवं वरिष्ठ समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने कथा व्यास राधिका बल्लभ को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया। भजन संध्या में हरे राम हरे कृष्णा व कृष्ण भगवान, राधे राधे जपो चले आएंगे बिहारी आएंगे बिहारी चले आएंगे बिहारी, फूलों में सज रहे हैं मेरे वृंदावन बिहारी और साथ में सज रही हैं ब्रज की दुलारी आदि भजनों को मधुर संगीत के साथ सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति में नाचने लगे। बांके बिहारी के जयघोषों से आयोजन स्थल गुंजायमान हो गया। इस मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)। हरिद्वार स्थित निष्काम सेवा ट्रस्ट में भारतीय जनता उत्तराखंड की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह ने मुख अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी महेंद्र भट्ट को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर भारतीय युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य राहुल सहगल , प्रदेश महामंत्री रवि पाल उपस्थित थे। मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह ने बताया कि हरिद्वार में भाजपा युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की एक बैठक आयोजित की गई थी जिसमें प्रदेश के सभी मोर्चे के पदाधिकारी गण मौजूद थे तथा बैठक में मोर्चे को मजबूत बनाने सहित आगामी चुनाव में मोर्चे की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।



# युवक को गोली मारने का आरोपी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।नैनीताल रोड पर आधी रात में युवक को गोली मारने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 315 बोर का तमंचा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा बढ़ाने के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मूलरूप से कोटाबाग का रहने वाला उमेश सिंह बिष्ट पुत्र पूरन सिंह यहां स्मार्ट बाजार में सेल्समैन है और गंगा कालोनी मल्ला गोरखपुर में किराए पर रहता है। बताया जाता है कि 27 नवंबर की रात उमेश का भाई कमल देहरादून से लौट रहा था और उमेश घर से उसे लेने जा रहा था। गली से निकलते वक्त उसने भाई को फोन लगाया और बात करते हुए आगे बढ़ने लगा। मल्ला गोरखपुर में ही हेमंत सिंह बिष्ट (35 वर्ष) का घर है। हेमंत ने उमेश को पीछे से आवाज लगाई, लेकिन फोन पर बात कर रहे कमल ने अनसुना कर दिया। इससे नाराज हेमंत ने कमर में खुसा तमंचा निकाला और पीछे से फायर झोंक दिया। गोली उमेश के पुट्ठे में लगी और आर-पार हो गई। घटना को अंजाम देकर आरोप फरार हो गया। उमेश की चाची भारती बिष्ट की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज किया। भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी कुमकुम धानिक ने बताया कि आरोपी 315 बोर का तमंचा फेंकने टीपीनगर जा रहा था और उसे तमंचे के साथ टीपीनगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके बाद आर्म्स एक्ट की धारा मुकदमे में बढ़ाई गई।

# कथावाचक को ठुकराल ने किया सम्मानित



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वार्ड नं. 11 संजय नगर खेड़ा में डॉ विकास मालिक के निवास पर एक दिवसीय भागवत कथा के समापन में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कथावाचक देवी राधा बल्लभी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने भागवत कथा के आयोजन की सराहना करते हुए धार्मिक आयोजनों में बढ़चढ़कर भागीदारी करने का आहवान किया। श्री ठुकराल ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम में समाज कोई धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है । उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर अपनी संस्कृति को भूल रही है। युवा पीढ़ी को अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ने के लिए उन्हें जागरूक करने की जरूरतत है। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ साथ संस्कारों का ज्ञान देना भी जरूरी है। धार्मिक संस्कार ही व्यक्ति को आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। पूर्व विधायक ठुकराल ने धार्मिक आयोजनों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर समाजसेवी भारत भूषण चुघ, समाजसेवी संजय ठुकराल , अमल राय ,डॉक्टर एस. बी. मालिक, शिवकुमार शिबू,राज कोली,बंटी कोली,आदि सहित कई लोग मौजूद थे।

# डिग्री कालेज में शिक्षक अभिभावक संघ का गठन

गदरपुर (उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय गदरपुर में शिक्षक अभिभावक संघ का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष श्रीमती रीता रानी तथा उपाध्यक्ष मौ. अजीम को चुना गया। इस दौरान महाविद्यालय परिवार सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अभिभावक शिक्षक संघ की संयोजक डा. अर्चना वर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. शर्मिला सक्सेना द्वारा की गयी। उनहोंने अपने सम्बोधन में कहा कि किसी भी महाविद्यालय के समुचित विकास के लिए अध्यापकों एवं अभिभावकों के बीच संवाद सेतु बना रहना चाहिए। वरिष्ठ प्राध्यापक डा. अशोक कुमार एवं प्राचार्य द्वारा सम्मान के रूप में माला पहनाकर अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का अभिनंदन किया गया। अध्यक्ष श्रीमती रीता रानी ने महाविद्यालय को अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया तथा उपाध्यक्ष मौ.अजीम ने भी महाविद्यालय के साथ जुड़े रहकर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डा. अशोक कुमार, प्रमोद वर्मा, डा. हरिप्रसाद, प्रभजोत कौर, तनुजा परिहार, शिक्षणेत्तर कर्मचारी गौरव जोशी, मनोज पनेरू, विजय गिरी, मदन सिंह, नीतू सिंह आदि मौजूद थे।

